शोध और अनुसंधान में नवीनतम प्रौद्योगिकी का हो समुचित उपयोग : डॉ. विश्वनाथ

बीकानेर,(कासं)। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में अप्लाइड फिजिक्स और मटेरियल साइंस में नवीनतम प्रवृत्तियां विषय पर हाइब्रिड मोड पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि खाजूवाला विधायक विश्वनाथ मेघवाल एवं विशिष्ठ अतिथि बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास द्वारा किया गया।

जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर अजय कुमार शर्मा, पैटर्न एवं डीन एकेडमिक डॉ. यदुनाथ सिंह एवं संयोजक डॉ सुधीर भारद्वाज, डॉ. मनोज शेखावत एवं डॉ. भुवनेश्वर सुथार के संयोजन में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के प्रथम दिवस आयोजन में आयोजित विभिन्न सत्रों में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों, उच्च शैक्षणिक संस्थानों और सम्बद्ध अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने हाईब्रिड में मोड भाग लिया। जिसमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक, शोधकर्ता और विषय विशेषज्ञों ने सहभागिता निभाई जहां शोधकर्ताओं ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए और अपने नवीनतम शोध के निष्कर्षों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान देश-विदेश के प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रोग्राम से हमारे शैक्षणिक तथा शोध कार्य में सहभागिता रहेगी तथा उच्च शिक्षा व रिसर्च के क्षेत्र में नया आयाम मिलेगा।

विधायक जेठानंद व्यास व डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने दीप प्रज्जवलित कर तकनीकी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया।

डीन अकादमिक डॉ. यदुनाथ सिंह ने उद्घाटन सत्र के दौरान सभी प्रतिभागियों का बीटीयू और आयोजन समिति की ओर से स्वागत करते हुए अपने स्वागत सम्मेलन में कहा कि यह सम्मेलन शोधकर्ताओं को आधुनिक शोध आवश्यकता के बारे में जागरूक करने के साथ आशाजनक वातावरण बनाना है और शोध के क्षेत्र में मौलिक और नवीन अनुसंधान को भी प्रोत्साहित करेगा। यह कांफ्रेंस अपने आपमें बेहद महत्वपूर्ण है तथा यह सभी शोधकर्ताओं को एक वैश्विक मंच उपलब्ध करवायेगी। मुख्य अतिथि खाजूवाला विधायक विश्वनाथ मेघवाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री के स्वप्न मेक इन इंडिया को पूर्ण करता हुआ तकनीकी शिक्षा के जगत में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहा है। उन्होंने सभी नवीन शोधकर्ताओं के शोध का स्वागत करते सतत अनुसंधान के लिए प्रेरित किया और उनके नवाचार को राष्ट्रीय हित में आगे बढ़ाने का संदेश दिया। सभी शोध-अविष्कार और अनुसंधान का समाज हित में होना आवश्यक है।

■ **तकनीकी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित**

विशिष्ट अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि आज के वैश्विक परिदृश्य में तकनीकी नवाचार पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है जिसके लिए कठोर अनुसंधान और तकनीकी विकास की आवश्यकता है। नए तकनीकी विचारों और विशेषताओं का मानव समाज में प्रचार प्रसार करना आवश्यक है।

कुलपति प्रो. अजय कुमार शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की अंतराष्ट्रीय कांफ्रेंस ऐसे विचारों और संबंधित निष्कर्षों के आदान-प्रदान के लिए शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और छात्रों को एक साझा मंच पर लाने में बड़ी भूमिका निभाती हैं। जो विशेष रूप से शोधकर्ताओं को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी। मेरा मानना है कि तकनीकी शिक्षा के प्रचार प्रसार और इसमें वृद्धि करना, अनुसंधान कार्य को बढ़ावा देना, शैक्षिक मानकों को उन्नत करना और समग्र विकास के साथ युवाओं को सशक्त बनाने में यह कांफ्रेंस अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी।

नर्सिंग एसो. अध्यक्ष का चुनाव 24 को

बीकानेर, (कासं)। पीबीएम अस्पताल के नर्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पद को लेकर चुनावी सरगर्मियां नामांकन प्रक्रिया और नाम वापसी के साथ ही तेज हो गई है।

24 नवम्बर को होने वाले मतदान को लेकर आज नामांकन करने के साथ नाम वापसी का समय भी समाप्त हो गया। जिसके चलते पीबीएम परिसर में खासी चहल पहल देखने को मिली। चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ न केवल नामांकन करते नजर आएं बल्कि अपने लिये वोट भी मांगते दिखाई दिए।

चुनाव अधिकारी कैलाशदान व राजकुमार व्यास ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिये ज्योति पूनिया, रविन्द्र कुमार, गजराज मेघवाल, अनिल प्रजापत और चन्दू गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया है। नाम वापसी का समय बीत जाने के बाद अब ये पांचों उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे रहे। जिन्हें देर शाम को सिम्बल का वितरण भी किया गया। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि 1252 मतदाता सुबह आठ बजे से चार बजे तक वोटिंग करेंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी सलीम ने बताया कि नाम वापसी का समय बीतने के बाद पांचों प्रत्याशियों को सिम्बल वितरित कर दिए गये है। ज्योति पूनिया को बीपी इन्सटूमेंट, गजराज मेघवाल को थर्मामीटर, रविन्द्र कुमार को सीरिंज, अनिल प्रजापत को ऑक्सीमीटर, चन्दू गुप्ता को कैनूला सिम्बल दिया गया है।

सार-समाचार

गंगानगर में दो दिन से कोहरा

श्रीगंगानगर, (कासं)। शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन कोहरे के हालात रहे। शहर की सड़कों पर कुछ मीटर दूरी तक देख पाना संभव नहीं था। सर्दी बढ़ने के साथ ही सुबह की ट्रेनों और बसों में भी यात्रियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रहने लगी है। वहीं पार्कों में मॉर्निंग वॉक के लिए भी बहुत कम लोग पहुंचने लगे हैं। सुबह के समय सड़कों पर निकलने वाले दूध और सब्जी के विक्रेता सर्दी से बचाव कर सड़कों पर निकले। पिछले दो दिन से श्रीगंगानगर में कोहरा पड़ रहा है। इससे ठंडक में तेजी आई है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 18.3 डिग्री सेल्सियस था। वहीं शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कोहरा पड़ने के साथ ही हवा में नमी भी बढ़ी है। कोहरे के कारण वाहनों की गति बेहद धीमी रही। शहर की सड़कों पर दिन में वाहन चालक लाइटें जलाकर चले। स्कूल, कॉलेज के लिए निकले लोगों को बेहद परेशानी हुई। मौसम एक्सपर्ट्स के अनुसार इन दिनों जिस तरह से हवा में नमी बढ़ी है और कोहरा असर दिखा रहा है। अगले 24 घंटे में तापमान में और कमी आने की संभावना है। इस दौरान कोहरे का असर बना रहेगा।

विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

रतनगढ (निसं)। शहर के अशोक स्तंभ के पास स्थित आर्या पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल आर्या कला मंच के प्रांगण में प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस आर्या विद्यालय परिवार के निदेशक अंबिका प्रसाद हारित की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक साहित्यिक, वेशभूषा व खेल कूद गतिविधियों का आयोजन किया गया। आर्या विद्यालय परिवार के सचिव अनुराग हारित व प्राचार्य अंबिका तिवाड़ी ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पारितोषिक वितरण किए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने फैंसी ड्रेस वाद-विवाद,सूत्र अंताक्षरी, श्लोक अंताक्षरी, नृत्य, भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक रेखा पारीक, रक्षा सोनी,नेहा अग्रवाल, आरती शर्मा थी। इन प्रतियोगिताओं में विजेता रहे विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं पुरस्कार प्रदान किए गये । सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। संस्था प्रधान अंबिका तिवाड़ी ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। उपप्राचार्य सुभानी महर्षि ने प्रतियोगिताओं का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन संयोगिता स्वामी ने किया।इस अवसर चेतना जोशी, पल्लवी सरावगी, चांदनी शर्मा,खुशबू,राधिका, हर्षा सिंधी, डिंपी चौधरी, सरिता प्रजापत सहित सभी स्टाफ एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

सीकर (निसं)। एनएच 52 स्थित स्वामी केशवानन्द कॉन्वेंट स्कूल सीबीएसई भढाडर सीकर में बाल दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतिभा खोज परीक्षा का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह, चैयरमेन सुरेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य शांति प्रसाद नेगी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। समारोह में अतिथियों द्वारा प्रतिभा खोज परीक्षा में उच्च रैंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मैधावी छात्रों को गोल्ड मैडल से सम्मानित किया। बाल दिवस के अवसर पर संस्थान के छात्र छात्राओं ने पंडित जवाहर नेहरू की जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके विचारों को जीवन में उतारने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका ने अपने उद्बोधन में परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए टिप्स दिये। इस अवसर पर प्रबंधन सदस्यों सहित स्टाफ एवं बच्चें उपस्थित रहे।

छात्र सम्मेलन आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। सीकेआरडी नर्सिंग कॉलेज में पूर्व छात्र सम्मेलन का समापन हुआ। पिछले दो दिन से चल रहे इस कार्यक्रम में देश का कोने कोने में काम रहे छात्रों व टीचर्स ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई और कार्यक्रम की शोभा बढाई। कॉलेज के सभी पूर्व छात्रों व टीचर्स का सम्मान कॉलेज द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के संचालक डॉ. लालचंद ने इस कार्यक्रम की महत्वता बताते हुए कहा कि पूर्व छात्र सम्मलेन से सभी अपने पुराने दोस्तों और साथियों से मिलने का मौका मिलता है। क्योंकि कॉलेज के बाद सभी अपने अपने जीवन में इतने व्यस्त हो जाते है कि उन्हें दोस्तों के लिए तो बहुत दूर की बात है खुद के परिवार के लिए भी समय नहीं होता है। इस कार्यक्रम के माधयम से हम सब एक जगह सबके साथ एक साथ होते है और वो ख़ुशी का अहसास किसी भी वस्तु मूल्य से भी ऊपर होता है। इसलिए डॉ. ढाका ने इस कार्यक्रम को हर साल 14 नवंबर को सेलिब्रेट करने का फैसला किया। जिसके लिए सभी छात्रों व टीचर्स ने उनका धन्यवाद किया।

दीपेंद्र धाभाई ने मंडावा का नाम रोशन किया

मंडावा, (निसं)। शेखावाटी में गुर्जर गांधी नाम से पहचाने जाने वाले शिक्षाविद बजरंगलाल धाभाई के पौत्र व पर्यटन विशेषज्ञ अशोक धाभाई के पुत्र दीपेंद्र धाभाई का गृह मंत्रालय भारत सरकार के रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया के कार्यालय में डाटा प्रोसेसिंग असिस्टेंट ग्रेड-ए में चयन होने पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी वर्चुअल वेबीनार के माध्यम से बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है। धाभाई का यह सम्मान मंडावा के लिए गौरव का विषय है। दीपेंद्र धाभाई ने ओबीसी श्रेणी में ऑल इंडिया रैंकिंग में द्वितीय स्थान एवं सामान्य श्रेणी में 44वां स्थान प्राप्त किया है। मंडावा राज परिवार के ठाकुर अंगददेव सिंह, राजस्थान ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष अरविंद पारीक, मधुसुधन खेमानी, पार्षद सपना शर्मा, भाजपा जिला मंत्री संदीप शर्मा, युवा नेता सुनील सैनी, नरेंद्र मोदी विचार मंच के प्रमुख हितेष प्रजापति, मनीष कुमावत, मनोहर सिंह परिहार सहित मंडावा कस्बे के संभ्रात नागरिकों ने दीपेंद्र धाभाई को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

बंद मकान के ताले टूटे

चिड़ावा (निसं)। चिड़ावा कस्बे में सुलताना बस स्टैंड के पीछे चौधरी कॉलोनी में बीती रात चोरों ने एक बंद मकान को अपना निशाना बनाया। मकान मालिक रमेश रामावत ने बताया कि पिकसहले 3-4 महीने से वे अपने गांव झांझोत रह रहे थे तथा मकान बंद था। आज सुबह पड़ोसियों ने फोन पर सूचना दी कि आपके मकान के पीछे की साइड का जो दरवाजा है उसकी चौगट टूटी हुई है। सूचना पर वे मकान पर पहुंचे तो देखा मकान का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। रमेश रामावत ने तुरंत चिड़ावा पुलिस को सूचना दी।

फर्जी मुख्तियारनामा के मामले में पांचवा आरोपी भी गिरफ्तार

अनूपगढ़, (कासं)। अनूपगढ़ के गांव 4 एसजेएम में कृषि भूमि का फर्जी मुख्तियारनामा बनाकर जमीन की रजिस्ट्री कराने का प्रयास करने के मामले में पांचवें आरोपी कुलविंदर सिंह पुत्र गुरदेव सिंह को आज गिरफ्तार किया गया।

कृषि भूमि का फर्जी मुख्तियारनामा बनाकर जमीन की रजिस्ट्री कराने का प्रयास करने पर समय रहते जमीन के मालिक को इसकी जानकारी मिल गई और फर्जी मुख्तियारनामे से जमीन की रजिस्ट्री नहीं हो पाई थी। जमीन के मालिक मलकीत सिंह ने इसका मामला 19 अप्रैल 2023 को अनूपगढ़ पुलिस थाने में दर्ज करवाया था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था।

जांच अधिकारी एएसआई ग्यारसी लाल मीणा ने बताया कि इस मामले में पूर्व में गिरफ्तार स्टाम्प विक्रेता किशोर चुचरा और कुलविंद्र सिंह से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में और भी कई खुलासे होने की संभावना है। जांच अधिकारी एएसआई ग्यारसी लाल मीणा ने बताया कि 19 अप्रैल 2023 को हिमाचल के कांगड़ा जिले के नंगल देहरा तहसील निवासी मलकीत सिंह (67) पुत्र हरिसिंह राजपूत ने मामला दर्ज करवाया था। मलकीत सिंह ने बताया कि उसकी जमीन का फर्जी और कूटरचित मुख्तारनामा गुरदीप सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी चक 13 केएलडी खाजूवाला ने अपने नाम से बनवाया था और वह किसी अन्य व्यक्ति को उसकी जमीन का बेचान करना चाहता था।

■ **अनूपगढ़ के गांव 4 एसजेएम में कृषि भूमि का फर्जी मुख्तियारनामा बनाकर जमीन की रजिस्ट्री कराने के प्रयास का मामला**

मलकीत सिंह ने बताया कि मुख्तारनामा बनाने में कुलविंदर सिंह पुत्र गुरदेव सिंह निवासी 14 एसजेएम और जसवीर सिंह पुत्र इंद्र सिंह रायसिख निवासी 26 ए अनूपगढ़ ने गवाह बनकर बनाकर उनका सहयोग किया था और स्टाम्प विक्रेता किशोर चुचरा का भी सहयोग रहा है।

मलकीत सिंह ने आरोप लगाया था कि इस पूरे मामले में नोटरी दलजीत सिंह राय एडवोकेट से फर्जी तरीके से खरीदे गए स्टाम्प और मुख्तयार नामे को तस्दीक भी करवाया गया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह नोटरी दलजीत सिंह राय एडवोकेट के पास कभी भी नहीं गया है। उसकी जमीन के फर्जी कागजात सब रजिस्ट्रार अनूपगढ़ में रजिस्ट्री तैयार करने के लिए पेश किये गए है।

जांच अधिकारी ग्यारसी लाल मीणा ने बताया कि इस मामले में कुलविंद्र सिंह (32) पुत्र गुरदेव सिंह मजबीसिख निवासी गांव 14 एसजेएम को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले गुरदीप सिंह, किशोर चुचरा, गुरनाम सिंह और जसवीर सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका है।

प्रकाश पर्व पर शबद कीर्तन और लंगर लगे

सूरतगढ़, (कासं)। श्री गुरूनानक देव का 555 वां प्रकाश उत्सव आरसीपी टिब्बा कॉलोनी स्थित गुरूद्वारा गुरुनानक दरबार और बीकानेर रोड़ स्थित गुरूद्वारा श्री सिंह सभा और गुरूद्वारा श्री तेग बहादुर में हर्षोल्लास से मनाया गया।

गुरूद्वारा श्री गुरूनानक दरबार में अखंड पाठ के भोग के बाद दीवान सजाया गया, जिसमें प्रचारक ढाढी जत्था बलविंदर सिंह भगतां ने गुरूनानक देव के जीवन के संबंध में प्रवचन देते हुए गुरुबाणी का पाठ किया। गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान व मुख्य सेवादार सरदार हरनेक सिंह गिल ने गुरू नानक जयंती प्रकाशोत्सव पर सभी को बधाई दी। इस अवसर पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, युवा कांग्रेस के योगेश मेघवाल सहित संगत ने गुरूद्वारे में लंगर प्रसाद ग्रहण किया। गुरूद्वारा श्री सिंह सभा में रागी जत्था राज सिंह राज, शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंध कमेटी अमृतसर के धर्म प्रचारक प्रवीण सिंह, इंटरनेशनल रागी जत्था बलदेव सिंह लोंगवाला ने गुरबाणी के माध्यम से करते हुए संगत को निहाल किया।

पिकअप-कार की भिड़ंत में 20 लोग घायल

अनूपगढ़, (कासं)। नेशनल हाईवे 911 पर पतरोड़ा गांव के पास शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे एक पिकअप और कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं पिकअप पलटी खा गई। पिकअप में सवार 20 लोग और कार में सवार दो लोग हादसे में घायल हो गए।

हादसे की सूचना पर अनूपगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस और निजी वाहनों से घायलों को अनूपगढ़ और घड़साना के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में सास बहू की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल से हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

एएसआई राजेंद्र कुमार ने बताया कि कार में सवार अनूपगढ़ से घडसाना की ओर जा रहे थे। वहीं घड़साना की तरफ से अनूपगढ़ की ओर एक पिकअप मजदूरों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान पतरोड़ा गांव के बाद दोनों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। प्रथमदृष्टया कोहरा ही हादसे का कारण लग रहा है।

अनूपगढ़ और नई मंडी घड़साना के सरकारी अस्पताल में भर्ती घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

■ **अपूपगढ़ में कोहरे के कारण नेशनल हाईवे 911 पर पतरोड़ा गांव के पास पिकअप व कार की टक्कर**

हादसे में घायल घड़साना निवासी रूपा देवी (46) पत्नी प्रेम कुमार, उनकी बहू मीना पत्नी राजकुमार को हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं तीन एसटीआर घड़साना निवासी सीता देवी (58) पत्नी गणेशा राम, लाली देवी पत्नी स्व. गंगाराम, सुनीता प्त्नी हेतराम, सफेदा पत्नी पुन्नू खान, गीता देवी पत्नी चंद्रपाल, शांति देवी पत्नी रामलाल, अमरजीत कौर पत्नी संतोख सिंह, लक्ष्मी देवी पत्नी धन्नाराम, दो जीड़ी घड़साना निवासी गुरदीप कौर पत्नी नक्षत्र सिंह, नक्षत्र सिंह पुत्र जैलां सिंह, रानी पत्नी शाह अली, हनुमानगढ़ के पीलीबंगा निवासी कार सवार महेंद्र कुमार पुत्र हनुमान का अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल में इलाज जारी है।

समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद शुरू

लूणकरनसर, (कासं)। राजफैड की ओर से खोले गए क्रय विक्रय समिति केन्द्र पर अनाज मंडी लूणकरनसर में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद शुरू हुई।

तहसील क्रय विक्रय सहकारी समिति लूणकरनसर के मुख्य व्यवस्थापक हिमांशु पारीक ने बताया कि सरकारी खरीद केन्द्र पर समर्थन मूल्य पर मूंग खरीद का शुभारंभ समिति चेयरमैन मूलाराम कलकल ने फीता काटकर किया। प्रति किसान 25 क्विंटल खरीद की जानी है।

पहले दिन मूंग खरीद 05 किसानों का माल तोला गया। जिसका भुगतान 8682 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 48 घंटे में किया जायेगा।

क्रय विक्रय सहकारी समिति के मुख्य व्यवस्थापक हिमांशु पारीक ने बताया कि मूंगफली की सरकारी खरीद के लिए सोमवार को कांटा चालू किया जायेगा। खरीद केन्द्र पर मूंग साफ सुथरा व एफएक्यू गुणवत्ता वाला ही लिया जायेगा। मंडी में मूंग लेकर आये किसानों की भीड़ रही।

इससे पहले ज्योतिष आचार्य ने विधिवत कांटे की पूजा अर्चना कर किसानों को गुड़ वितरण किया। इस मौके पर चौथमल पारीक, रघुवीर सिंह, देवकरण गोदारा, बाबूलाल, नवीन कुमार आदि मौजूद थे।

बाल दिवस मनाया

रतनगढ़ (निसं)। स्थानीय केपीएस स्कूल में बाल दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। जिसमे माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया जिसमे निदेशक ओमप्रकाश गोदारा प्रबन्धक निदेशक विजय गोदारा जितेंद्र सिंह, रामनिवास धायल, देवीसिंह शेखावत, सुखदेव सिह, ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माला पहना कर छात्र एवं छात्राओ ने नृत्य किया तथा कविताएँ की प्रस्तुति दी कार्यक्रम में संस्था निदेशक ओमप्रकाश गोदारा ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ओमप्रकाश ढाका, करणसिंह, देवी सिहं, ओमप्रकाश प्रजापत, तथा सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

युवक को हेरोइन तस्करी के आरोप में पकड़ा

श्रीगंगानगर, (कासं)। कोतवाली पुलिस ने एक युवक को हेरोइन तस्करी के आरोप में पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना परिजनों को दी तो पिता को यकीन ही नहीं हुआ। थाने आये तो आगे बेटा पुलिस के पास ही मिला।

पिता फफक-फफककर रोने लगे। वे बोले-बेटा दो साल से घर से रूपए ले रहा है। बोलता था कि वह बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहा है। हमें क्या पता था कि नशा करता है और तस्करी भी करता है। कार्रवाई अधिकारी ने ही पिता को बताया कि वह एक साल से कॉलेज ही नहीं जा रहा है। यह सुनकर तो पिता की हालत और जयादा खराब हो गई। यह घटनाक्रम कोतवाली थाने का है।

■ **एक साल से कॉलेज नहीं जा रहा था तथा घर से पैसे लाकर नशा करता था**

कार्यवाहक कोतवाल रामेश्वर लाल ने टीम सहित हनुमानगढ़ के भादरा तहसील के गांव पचारवाली निवासी 23 वर्षीय साहिल पुत्र जगदीश प्रसाद को 3 ग्राम 17 मिलीग्राम हेरोइन सहित पकड़ा है। उन्होंने यह कार्रवाई 13 से 14 नवंबर की रात को खालसानगर कॉलोनी में की।

आरोपी सुखमणी पार्क में ग्राहक का इंतजार कर रहा था। रात को पार्क में संदिग्ध युवक की सूचना मोहल्ले के लोगों से मिली। पुलिस ने युवक को पकड़ा तो उसके पास से हेरोइन मिली। इस दौरान ड्यूटी पर कांस्टेबल रामप्रताप, कृष्ण कुमार, भगवान सिंह भी डयूटी पर थे।

क्रांतिकारी जननायक बिरसा मुंडा आदिवासी समाज के दिलों में आज भी जीवित : जोशी

बीकानेर, (कासं)। नेहरू युवा केन्द्र बीकानेर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं मरूस्थली युवा मंडल संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस नेक्स्ट स्टेप इंस्टीट्यूट मुक्ता प्रसाद बीकानेर के सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी थे। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा कि एक सामान्य गरीब परिवार में जन्म लेकर अभाव के बीच में रहकर भी किसी का भगवान हो जाना कोई सामान्य बात नहीं है। लेकिन मात्र 25 वर्ष के जीवन काल में तमाम अभाव मानसिक और शारीरिक यातनाओं के बीच अपने बचपन से लेकर भगवान बनने तक की इस यात्रा को बिरसा मुंडा ने पूरा किया। 19वीं सदी के उत्तरा में उन्होंने आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नए सामाजिक युग का सूत्रपात किया। साथ ही शौर्य की नई गाथा भी लिखी। आदिवासियों ने उन्हें सिर्फ नायक ही नहीं बल्कि धरती आबा यानी धरती के पिता के साथ भगवान का दर्जा भी दिया।

बीकानेर में नेहरु युवा केन्द्र के तत्वावधान में बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम को वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने संबोधित किया।

इस अवसर पर राजेन्द्र जोशी ने कहा कि अल्प आयु में वीरगति को प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि महान क्रांतिकारी जननायक बिरसा मुंडा जनजातीय-आदिवासी समाज के दिलों में आज भी जीवित है।

जोशी ने कहा कि बिरसा मुंडा आदिवासियों के पहले भगवान है। उन्हें 'धरती आबा' भी कहा जाने लगा। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने स्वतंत्रता आंदोलन और समाज सुधार की बात साथ-साथ करते थे। जोशी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के कार्यों को इतिहास में दर्ज किया जाना चाहिए। उनको श्रद्धांजलि तभी होगी जब आदिवासियों को उनका हक मिलेगा।

■ **आदिवासियों ने उन्हें सिर्फ नायक ही नहीं बल्कि धरती आबा यानी धरती के पिता के साथ भगवान का दर्जा भी दिया**

कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी रूबी पाल ने बिरसा मुंडा की जीवनी के बारे में विस्तार से बताया। एडवोकेट जगदीश कुमार रैण भी मौजूद थे।

ऑनलाइन काउंसलिंग से पदस्थापन की मांग को लेकर धरना जारी

बीकानेर, (कासं)। शिक्षक संघ की मांगो को स्वीकार कर सूचित नहीं करने के कारण बाध्य होकर शिक्षा विभागीय कर्मचारी संघ राजस्थान बीकानेर के प्रदेशाध्यक्ष कमल नारायण आचार्य एवं प्रदेश संस्थापक मदन मोहन व्यास के नेतृत्व अनिश्चितकालीन धरना आज ग्यारहवें दिन भी शिक्षा निदेशालय बीकानेर के समक्ष जारी रहा।

आगामी होने वाली मंत्रालयिक संवर्ग की अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पदोन्नति पर पदस्थापन में ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से शत प्रतिशत पदों को प्रदर्शित कर आदेश प्रसारित करना सुनिश्चित किया जाए।

संघ सोमवार तक सूचित नहीं करने की स्थिति में आगामी आन्दोलन के चरण की घोषणा की जायेगी। तब तक अनिश्चितकालीन धरना जो कि 4 नवम्बर से प्रारम्भ किया गया है। उसे शिक्षा निदेशालय बीकानेर के समक्ष लगातार जारी रखा जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं शिक्षा प्रशासन की होगी। प्रदेशाध्यक्ष कमल नारायण आचार्य ने बताया कि 11 दिन से दिये जा रहे धरने के बावजूद भी शासन प्रशासन द्वारा मांगे नहीं मानी जा रही है।

ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापन की मांग को लेकर धरने पर बैठे शिक्षा विभाग के कर्मचारी।

अतः आज पत्र में अल्टीमेटम दे दिया गया है कि उक्त मांगें मानकर संघ को 18 नवम्बर तक अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित नहीं करने की स्थिति में आगामी आन्दोलन के चरण की घोषणा की जायेगी। तब तक अनिश्चितकालीन धरना जो कि 4.नवम्बर. से प्रारम्भ किया गया है उसे शिक्षा निदेशालय बीकानेर के समक्ष लगातार जारी रखा जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं शिक्षा प्रशासन की होगी।